देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 122 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...पहले से हो रही थी तैयारी



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 12 अगस्त 2021



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 समुद्री जंग की तैयारी में जुटा अमेरिका

7 अश्विन को मिल सकता है मौका

# मानसून सत्र खत्म, हंगामा ज्यादा

## पीएम मोदी, शाह, सोनिया ने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के मॉनसून सत्र के लिए लोकसभा की बैठक बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित निचले सदन में विभिन्न दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने सभी दलों के नेताओं से भविष्य में सदन में चर्चा और संवाद को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। बिरला ने कहा, 'चर्चा और संवाद से ही जनता का कल्याण होगा।'

**ये नेता भी मिले स्पीकर से:** इनके अलावा तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रमुक के टी आर बालू, अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल, वाईएसआरसीपी के मिथुन रेड्डी, बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा, जदयू के राजीव रंजन सिंह लल्लन, बसपा के रितेश पांडेय और तेलंगाना राष्ट्र समिति के नामा नागेश्वर राव समेत अनेक विपक्षी दलों के नेता भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने पहुंचे।

**सिर्फ 22 प्रतिशत हो पाया काम:** संसद के मॉनसून सत्र के लिए लोकसभा की बैठक बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। पेगासस जासूसी मामला, तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के शोर–शराबे के कारण पूरे सत्र में सदन में कामकाज बाधित रहा और सिर्फ 22 प्रतिशत कार्य निष्पादन हुआ।

वहीं राज्यसभा में कुछ विपक्षी सांसदों के अमर्यादित आचरण के कारण सभापति एम. वेंकैया नायडू इतने आहत हैं कि उन्होंने बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बयान पढ़कर इसकी भर्त्सना की। उन्होंने काफी कड़ी शब्दों वाले बयान को खड़े होकर पढ़ा। इस दौरान वो काफी भावुक हो गए और लगभग रो पड़े। कहा जा रहा है कि सभापति सदन में हंगामा करने वाले विपक्षी सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह, सदन के नेता पीयूष गोयल और अन्य बीजेपी सांसदों ने बुधवार को सुबह वेंकैया नायडू से मुलाकात की है।

### अनिश्चित काल के लिए लोकसभा स्थगित

**फिर भी नहीं थम सका हंगामा**

सभापति अपनी बात कह रहे थे, इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने अपने अपने मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के चलते सभापति ने बैठक शुरू होने के करीब पांच मिनट बाद ही कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



### लोकसभा स्पीकर ने जताई नाराजगी

मॉनसून सत्र में लोकसभा की कार्यवाही सुचारू तरीके से नहीं चलने पर दुरूख प्रकट करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को कहा कि सदन की कार्यवाही सहमति एवं सामूहिक जिम्मेदारी के साथ चलनी चाहिए लेकिन आसन के समीप आकर सदस्यों का तख्तियां लहराना और नारे लगाना परंपराओं के अनुरूप नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहमति–असहमति लोकतंत्र की विशेषता है। कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाती है, गतिरोध बना रहता है। उन्होंने कहा कि हमने इस दिशा में संवाद के जरिये कोशिश की है और भविष्य में और कोशिश करेंगे।

### जो हुआ, उसकी निंदा के लिए शब्द नहीं: नायडू

उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकेया नायडू ने कल की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि कल जो कुछ सदन में हुआ, उसकी निंदा करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंदिर होता है और इसकी पवित्रता पर आंच नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं बहुत दुख के साथ यह कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि इस सदन की गरिमा जिस तरह से भंग की गई और वो भी प्रतिद्वंद्विता की भावना से, वह बहुत चिंताजनक है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे जैसे विभिन्न धर्मों के पवित्र स्थल हैं, वैसे ही देश के लोकतंत्र का मंदिर है हमारी संसद। टेबल एरिया, जहां महासचिव और पीठासीन पदाधिकारी बैठते हैं, उसे सदन का गर्भगृह माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने किया क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित की गई एक क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। ये परीक्षण ओडिशा स्थित बालासोर में किया गया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने करीब 150 किमी का सफर पूरा किया। इस मिसाइल में इंडीजिनीयस क्रूज इंजन लगा है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि भविष्य में इस मिसाइल के और भी परीक्षण किए जाएंगे।

### बहुत बड़ा दायित्व भारतीय उद्योगों पर है: पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उद्योग मंडल CII के सालाना सत्र के दौरान कहा कि CII की ये बैठक इस बार 75वें स्वतंत्रता दिवस के माहौल में, आजादी के अमृत महोत्सव के बीच हो रही है। ये बहुत बड़ा अवसर है, भारतीय उद्योग जगत के नए संकल्पों के लिए, नए लक्ष्यों के लिए।

# कुमाऊं में एम्स की स्थापना का मुख्यमंत्री ने किया अनुरोध

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्य के कुमाऊं मण्डल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए गृह मंत्रालय के स्तर से संस्तुति किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री से देहरादून में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना किये जाने और सामरिक महत्ता को देखते हुए टनकपुर–बागेश्वर ब्राडगेज रेल लाईन के लिये उनके स्तर से रेल मंत्रालय को संस्तुति करने का भी आग्रह किया।

**देहरादून में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार से भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्वीकृति का अनुरोध किया गया है। इसके लिये जनपद देहरादून में निःशुल्क भूमि की व्यवस्था कर ली गयी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री से देहरादून में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की स्वीकृति के लिये संस्तुति किये जाने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड के अपर प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, स्थानिक आयुक्त डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डॉ पराग मधुकर धकाते भी उपस्थित थे।

### कुमाऊं मण्डल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स ऋषिकेश होने के पश्चात भी राज्य के पर्वतीय दूरदराज कुमाऊं मंडल के इलाके, भौगोलिक दूरी होने के कारण सुपरस्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। राज्य के कुमाऊ मंडल में एम्स की स्थापना करने से कुमाऊं के नागरिकों के साथ ही उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती जनपदों के लोगों को भी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध होगी। एम्स के लिए भूमि उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। पूर्व में भी एक राज्य में दो एम्स जैसे विश्व स्तरीय संस्थान स्थापित किए गए हैं।

# किन्नौर के निगुलसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर एक पहाड़ी दरकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रिकांगपिओ। हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर के निगुलसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर एक पहाड़ी दरक गई। बताया जा रहा है पहाड़ी से दरके मलबे की चपेट में सवारियों से भरी एक बस भी आ गई है। बताया जा रहा है बस हरिद्वार जा रही थी व इसमें 35 के करीब यात्री सवार थे। जिला प्रशासन समेत अन्य अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। एनडीआरएफ समेत सीआरपीएफ व आइटीबीपी की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं व राहत कार्य शुरू कर दिया है। सीएम जयराम ठाकुर हादसे का जायजा लेने झाकड़ी पहुंचे, वहां से सड़क के माध्यम से निगुलसरी पहुंचे।

एनडीआरएफ टीम ने 11 लोगों को रेस्क्यू किया है। दो लोगों के शव बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है चार लोग खुद जख्मी हालत में मलबे से बाहर निकलकर सड़क तक पहुंच गए। बचाव कार्य जारी है, लेकिन रुक रुककर मलबा गिरने से बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडेय के मुताबिक हादसे में करीब 40 लोगों के फंसे होने की आशंका है। डीएसपी भावानगर राजू के मुताबिक रिकांगपिओ से हरिद्वार जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस का चालक ही बचा है।

**हादसा**

■बचाव दल ने मलबे से निकाले 2 शव व 11 घायल

### पीएम मोदी व अमित शाम ने की जयराम ठाकुर से बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किन्नौर हादसे के बाद मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से बात कर स्थिति की जानकारी ली है। पीएम मोदी ने बचाव अभियान में हर संभव मदद देने का आश्वसासन दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा किन्नौर हादसे के बाद आटीबीपी के डीजी से बात की है व टीमें राहत व बचाव कार्य में जुट गई हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# घर पहुंचने पर कैसे खुद को संभालूंगी

**संवाददाता**

देहरादून। टोक्यो ओलिंपिक में इतिहास रचने के बाद उत्तराखंड पहुंचते ही हैट्रिक गर्ल की आंखे नम हो गईं। वो कहने लगी कि जब भी मैं कहीं से खेलकर घर वापस आती थी तो पिता एयरपोर्ट के बाहर खड़े मेरा इंतजार करते थे। मैं पापा को बहुत मिस कर रही हूं। पता नहीं मैं घर पहुंचकर खुद को कैसे संभाल पाऊंगी।

### एयरपोर्ट पर पापा को मिस करते हुए वंदना बोलीं, मना करने पर भी आ जाते थे लेने

भारतीय महिला हाकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के पिता अब इस दुनिया में नहीं है। मई में उनके पिता का हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। उस वक्त वे बंगलुरू में टोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों में जुटी हुई थीं। वंदना पिता के बेहद करीब थीं। उनके पिता ने हमेशा उनका साथ दिया और इस ऊंचाई तक पहुंचने के लिए उसे हिम्मत दी।

जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वंदना ने कहा कि वह अपने पिता को मिस कर रही हैं। वह जब भी घर वापस आती थी तो उनके मना करने के बावजूद भी उनके पिता एयरपोर्ट पर बाहर खड़े उन्हें मिलते थे। पर, वह अभी दुनिया में नहीं हैं।